## 31 तक चलेगा मुस्कान अभियान, 16 साल के बच्चों का होगा संस्थागत प्रवेश

▸ **कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी, ड्रॉपआउट बच्चों की होगी पहचान**



**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में 3 से 16 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए 31 जुलाई तक 'मुस्कान अभियान' चलाया जाएगा। अभियान के तहत 3 से 6 वर्ष के बच्चों का आंगनवाड़ी केंद्रों में तथा 6 से 16 वर्ष तक के बच्चों का स्कूलों में शत-प्रतिशत संस्थागत प्रवेश सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर मिशा सिंह ने महिला एवं बाल विकास तथा स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अभियान की जिम्मेदारियां सौंप दी हैं।

अभियान के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर सर्वे कर 3 से 6 वर्ष के बच्चों का पंजीयन करेंगी, जबकि स्कूल शिक्षा विभाग ड्रॉपआउट और अप्रवेशी बच्चों की मैपिंग कर उन्हें स्कूलों में दाखिला दिलाएगा। कक्षा-1 में प्रवेश के लिए प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को विशेष शिविर लगाए जाएंगे। साथ ही 30 सितंबर 2026 तक 6 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी बच्चों की अपार आईडी बनाकर 30 जुलाई तक उनका स्कूलों में प्रवेश कराया जाएगा।

अभियान के दौरान पलायन करने वाले परिवारों के बच्चों का रिकॉर्ड भी रखा जाएगा। यदि कोई अभिभावक 3 से 6 वर्ष के बच्चे को आंगनवाड़ी या विद्यालय में प्रवेश नहीं दिलाता है तो इसकी शिकायत कंट्रोल रूम नंबर 07412-297544 पर की जा सकेगी। शिकायत के आधार पर गठित विकासखंड स्तरीय समिति संबंधित अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें समझाइश देगी।

मिशन मुस्कान की समीक्षा बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी सिमरन सूर्यवंशी ने अभियान की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि जिले में कक्षा-1 में अभी 1066 बच्चों का नामांकन लंबित है, जिनमें सबसे अधिक 636 बच्चे बाजना और 309 बच्चे रतलाम विकासखंड के हैं। अधिकारियों को 25 जुलाई तक सभी बच्चों का नामांकन पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी सामने आया कि जिले में अभी 66,145 बच्चों की अपार आईडी बनाई जानी शेष है, जबकि 2030 स्कूल भवनों में से 738 भवनों की को-लोकेशन प्रविष्टि लंबित है। अधिकारियों को यह कार्य तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी स्कूलों में रीडिंग कॉर्नर, जादुई पिटारा, जीरो पीरियड, लाइब्रेरी के नियमित उपयोग तथा विद्यार्थियों की 100 प्रतिशत ई-अटेंडेंस सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। वर्तमान में जिले में ई-अटेंडेंस 94 प्रतिशत दर्ज की गई है।



## 35 साल पुरानी दुकानें ढहीं, मौमिनपुरा में चला बुलडोजर

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** मौमिनपुरा क्षेत्र में नगर निगम ने शनिवार को 35 वर्ष पुरानी जर्जर दुकानों पर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाने और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। राजीव गांधी स्वावलंबन योजना के तहत बनी 36 दुकानों को जर्जर घोषित किए जाने के बाद निगम के राजस्व अमले ने कार्रवाई की। ध्वस्तीकरण के दौरान बड़ी संख्या में लोग मलबे से सरिया और अन्य कबाड़ बटोरने पहुंच गए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। निगम का कहना है कि जर्जर भवनों को हटाकर क्षेत्र को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई।

## भाजपा कार्यकर्ताओं का संकल्प, डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण बनाएंगे सफल



**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी के आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर पार्टी कार्यालय मे पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल एवं सूरजमल जैन मंडल की बैठक सम्पन्न हुई। इनमें पार्टी के निर्देशानुसार डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण कार्यक्रम को पूरी तरह सफल बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर पंवार एवं निलेष गांधी ने की इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद राठौर, जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी, आई.टी.सेल जिला संयोजक निलेश राव सहित मंडल महामंत्री आकाश खंडके, शुभम चौहान , हेमंत राहोरी, आयुषी सांखला मंचासीन रहे।

बैठक मे भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि संगठन द्वारा सौंपे जाने वाले कार्यों को पूर्ण करना हर कार्यकर्ता का दायित्व है।

मंडल स्तर पर इन कार्यक्रमों को लेकर अधिक सक्रियता की जरूरत है। मंडल पदाधिकारी शक्ति केन्द्र एवं बूथ स्तर पर भी पार्टी की हर गतिविधि को ले जाये, तो संगठन मजबूत होगा। बैठक को जिला महामंत्री जयवंत कोठारी ने भी संबोधित किया। बैठक मे मंडल पदाधिकारियों एमआईसी सदस्य पार्षदगण एवं मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## लाइट ठीक करते समय करंट लगा, युवक की मौत

**रतलाम।** बाजना थाना क्षेत्र के ग्राम संगेसरा में घर के पीछे बिजली की लाइन ठीक करते समय करंट लग गया। इस हादसे में 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान दिनेश उर्फ लक्ष्मण पिता दोलिया डिडोर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, घटना गुरुवार शाम की है। मृतक के पिता दोलिया डिडोर ने बताया कि उनका बेटा घर के पीछे लाइट ठीक कर रहा था, तभी उसे करंट लग गया। परिजन उसे बचा नहीं सके और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर बाजना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नामली भूमि विवाद शिविर में 17 मामलों का मौके पर निपटारा

▸ **एसपी ने लिया जायजा, बुजुर्ग मां और बेटे में कराया समझौता**



**नव भारत न्यूज**

**नामली।** भूमि विवादों के त्वरित समाधान के लिए शनिवार को थाना परिसर स्थित मंदिर प्रांगण में आयोजित भूमि विवाद निवारण शिविर में 17 मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर का निरीक्षण एसपी अमित कुमार एवं एएसपी राकेश पंद्रो ने किया। जिलेभर में चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के तहत भूमि विवादों में दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर समझाइश एवं विधिक प्रक्रिया के माध्यम से समाधान करने की पहल की जा रही है।

शिविर में तहसीलदार आशीष उपाध्याय, जिला अभियोजन अधिकारी योगेश तिवारी, राजस्व विभाग का अमला तथा पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। थाना प्रभारी अमित कोरी ने बताया कि थाना क्षेत्र से लगभग 40 भूमि विवाद शिविर में प्राप्त हुए, जिनमें से 30 मामलों को चिन्हित किया गया। इनमें 17 मामलों का मौके पर ही सफल निराकरण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

शिविर में ग्राम सिखेड़ी निवासी संतोष पति छोगालाल (55 वर्ष) के पुत्र पंकज चुंडावत ने शिकायत दर्ज कराई कि उनकी नपती में आई 5 बीघा 17 बिस्वा भूमि में से करीब 2 बीघा पर रिश्तेदारों द्वारा कब्जा किया गया है। शिकायत के अनुसार, बीमारी के कारण महिला ने अपनी कृषि भूमि का एक हिस्सा रेखाबाई जाट को बेच दिया था, लेकिन खरीदार को खेत तक पहुंचने का रास्ता नहीं दिया जा रहा है। इस मामले में थाना प्रभारी ने कब्जाधारियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं स्टेशन रोड स्थित शिवशक्ति कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 14 में सरकारी रास्ता अवरुद्ध किए जाने की शिकायत भी शिविर में सामने आई। इस मामले को नगर परिषद सीएमओ के संज्ञान में लाते हुए शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। पुलिस एसडीओपी किशोर पाटनवाला ने भूमि विवाद मामले में एक बुजुर्ग मां और बेटे में समझौता करवाया और मां बेटे के नाज़ुक रिश्तों को इस प्रकार समझा की शिविर में ही विवाद का निराकरण हुआ वहीं बेटे की आंखों में खुशी के आंसु निकलने नज़र आएं।

### एक नजर में

## बिना सूचना के अनुपस्थित 27 सफाई संरक्षकों को नोटिस

**रतलाम।** नगर को ओर अधिक स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के उद्देश्य से महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता का कार्य करवाया गया। नगर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा वार्ड क्रमांक 2 लक्ष्मणपुरा, वार्ड 47 मौमिनपुरा, वार्ड 48, 23, समता परिसर, समता सिटी, घांस बाजार, षांति नगर, अषोक नगर, बिचलावास आदि क्षेत्रों में विषेश सफाई करवाई गई इसके अलावा वार्ड 11 मोहन नगर व वार्ड 14 काटजू नगर की नालियों की सफाई का कार्य करवाया गया। इसके अलावा सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान विभिन्न वार्डो में बिना सूचना के अनुपस्थित 27 सफाई संरक्षकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर एक दिवस का वेतन काटा गया।

## डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी संस्मरण वर्ष मे जिला कार्यकर्ता सम्मेलन होगा

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी पितृपुरुष डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125 जयंती वर्ष मे 23 जून से 6 जुलाई तक स्मरण पखवाड़ा मना रही है। पखवाडा के समापन अवसर पर 6 जुलाई को दोपहर 1 बजे रंगोली परिसर मे जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय करेगे। जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी संस्मरण पक्ष के तहत हो रहे सम्मेलन मे संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, जिला प्रभारी विवेक जोशी, कैबिनेट मंत्री चैतन्य काश्यप, विधायक डॉ.राजेन्द्र पाण्डेय, चिंतामणि मालवीय , मथुरालाल डामर उपस्थित रहेगे।

## महापौर प्रहलाद पटेल व जनप्रतिनिधियों ने किया पौधा रोपण

**रतलाम।** पर्यावरण सुधार व रतलाम नगर को हरियाली से आच्छदित करने हेतु अमृत हरित अभियान के तहत महापौर प्रहलाद पटेल ने जनप्रतिनिधि, पर्यावरण प्रेमी नागरिक व निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ सेजावता फंटे से पहलवान बाबा की दरगाह तक फोरलेन डिवाईडर पर विभिन्न प्रजातियों के पौधो का रोपण किया। महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण का संतुलन में पेड़ की अहम भूमिका होती है, इस ग्रीश्म ऋतु में रतलाम के उच्चतम तापमान को देखते हुए रतलाम नगर को हरियाली से आच्छदित करना आवश्यक हो गया है इस हेतु रतलाम नगर के प्रत्येक नागरिक को आगे आकर कम से कम एक पौधा रोपकर उसे पेड़ बनने तक पालन पोषण करना होगा। पौधा रोपण के अवसर पर महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य निमिष व्यास, भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश मंत्री बलवंत भाटी, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, मनोहरलाल राजू सोनी, क्षेत्रिय पार्षद करण कैथवास, पार्षद शक्तिसिंह राठौर, परमानन्द योगी, योगेश पापटवाल, पार्षद प्रतिनिधि शेरू पठान, संजय कसेरा आदि ने सेजावता फंटे से पहलवान बाबा की दरगाह तक फोर लेन डिवाईडर पर विभिन्न प्रजातियों के पौधो का रोपण कर उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया।

## अवैध नल कनेक्शन को वैध करने हेतु वार्डवार शिविरों का आयोजन

**रतलाम।** अवैध नल कनेक्शनों को वैध करने हेतु नगर निगम द्वारा 1 जुलाई से 11 सितम्बर तक वार्डवार शिविरों का आयोजन किया गया है जिसमें अवैध नल कनेक्शनधारी निर्धारित शुल्क 4,500/- जमा कराकर अपने नल कनेक्शन को अनिवार्य रूप से वैध करवायें समयवाधि पश्चात् अवैध नल कनेक्शन को विच्छेद किया जाकर संबंधित से 13,500/- की राशि वसूल की जाकर संबंधित के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जायेगा। अवैध नल कनेक्शनों को वैध करने हेतु वार्ड वार शिविरों के तहत वार्ड क्रमांक 1, 2, 3 व 4 हेतु 1 से 4 जुलाई गांधी नगर टंकी, वार्ड 5, 6, 7, 8 व 13 हेतु 6 से 11 जुलाई अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, वार्ड 9, 10, 11 व 12 हेतु 13 से 18 जुलाई कस्तुरबा नगर पानी की टंकी, वार्ड 14, 15 व 48 हेतु 20 से 22 जुलाई सुभाषनगर कम्युनिटी हॉल, वार्ड 17 हेतु 23 से 25 जुलाई खेतलपुर कम्युनिटी हॉल, वार्ड 18, 19 व 20 हेतु 29 जुलाई को दीनदयाल नगर टंकी, वार्ड 21, 22 व 44 हेतु 30 जुलाई से 1 अगस्त अमृत सागर झोन कार्यालय आदि स्थानों पर शिविर लगेगा।

## ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षा कवच : बजेड़ा फंटा पर लगी स्ट्रीट लाइटें

▸ **पुलिस, ग्राम पंचायत और एमपीईबी की संयुक्त पहल से 3 पोल, 5 स्ट्रीट लाइट और जिग-जैग स्टॉपर लगाए**



**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** महू-नीमच रोड के दुर्घटना संभावित बजेड़ा फंटा (ब्लैक स्पॉट) पर अब रात के समय सड़क अधिक सुरक्षित नजर आएगी। रतलाम पुलिस ने ग्राम पंचायत धोंसवास और मध्यप्रदेश विद्युत मंडल (एमपीईबी) के सहयोग से यहां स्ट्रीट लाइट और अन्य सुरक्षा इंतजाम कर दुर्घटनाओं की रोकथाम की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर थाना प्रभारी नामली निरीक्षक अमित कोरी के नेतृत्व में 3 पोल स्थापित कर 5 स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं। इसके अलावा वाहन चालकों की गति नियंत्रित करने और सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए जिग-जैग स्टॉपर भी लगाए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, बजेड़ा फंटा लंबे समय से ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित था। रात में पर्याप्त रोशनी नहीं होने से वाहन चालकों को स्पीड ब्रेकर और सड़क की स्थिति का सही अंदाजा नहीं लग पाता था, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता था। नई प्रकाश व्यवस्था से अब वाहन चालक दूर से ही सड़क की स्थिति देख सकेंगे और समय रहते अपनी गति नियंत्रित कर पाएंगे।

रतलाम पुलिस का कहना है कि जिले के अन्य दुर्घटना संभावित स्थलों का भी लगातार निरीक्षण किया जा रहा है और आवश्यकता अनुसार सुरक्षा संबंधी सुधार किए जाएंगे। पुलिस ने वाहन चालकों से निर्धारित गति सीमा का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग करने तथा ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

### 46 .5 की तपिश से सबक!

## आज से 'त्रिवेणी वन रोपण महाअभियान'

▸ **विश्व के सबसे गर्म शहरों में शामिल होने के बाद हरियाली की दिशा में बड़ा संकल्प**

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** इस वर्ष ग्रीष्म ऋतु में विश्व के सबसे गर्म शहरों की सूची में शामिल रहे रतलाम को फिर से हरित और शीतल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। 5 जुलाई से 12 अगस्त 2026 तक रतलाम-शिवगढ़ रोड स्थित भाई-बहन की पहाड़ी पर 'त्रिवेणी वन रोपण महाअभियान' के तहत वृहद स्तर पर त्रिवेणी (बरगद, पीपल और नीम) का रोपण किया जाएगा।

'त्रिवेणी वन रोपण महाअभियान' को लेकर महत्वपूर्ण बैठक 5 जुलाई 2026 को शाम 4.00 बजे विधायक सभागृह, बरबड़ रोड, रतलाम पर होगी। इसमें समाज के सभी वर्गों के प्रमुख, पर्यावरणविद, प्रकृति प्रेमी, स्वयंसेवक, सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं तथा संगठनों के प्रमुख शामिल होंगे। इस दौरान महाअभियान के पोस्टर का विमोचन के साथ ही सभी को महाअभियान के संबंध जानकारी दी जाएगी।

**अलग-अलग चरणों में चलेगा अभियान:** त्रिवेणी वन रोपण महाअभियान अलग-अलग चरणों में चलेगा। पहले चरण में 5 जुलाई से 12 अगस्त 2026 तक शिवगढ़ रोड स्थित भाई-बहन की पहाड़ी पर 1100 त्रिवेणी का रोपण होगा। इसके बाद अन्य क्षेत्र में त्रिवेणी रोपण किया जाएगा। यह कार्य समाज के सहयोग से ही होगा। विशेष बात यह है कि इन पौधों की देख-रेख तब तक की जाएगी जब तक कि वे वृक्ष का रूप नहीं ले लेते।

### दो माह चला मंथन, तब बना महाअभियान' का खाका

बता दें कि, इस वर्ष ग्रीष्म ऋतु में रतलाम का अधिकतम तापमान 46.5 डिग्री सेल्सियस तक जा चुका है और रतलाम विश्व के 10 सबसे गर्म शहरों में शामिल हो चुका है। इस स्थिति को देखते हुए लगभग दो महीने से प्रबुद्धजनों, पर्यावरण प्रेमियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने लगातार विचार-विमर्श किया। इसमें यह बात उभर कर आई कि जलवायु परिवर्तन और अन्य कारणों के अलावा गुजरात और राजस्थान की ओर से आने वाली गर्म और शुष्क हवाओं के कारण स्थिति ज्यादा भयावह हो रही है। इसे रोकने का दीर्घकालिक उपाय रतलाम के आसपास सघन वन रोपण ही है। इसमें त्रिवेणी (बरगद, पीपल और नीम) महती भूमिका निभा सकती है। इन तीनों ही वृक्षों का वैज्ञानिक, औषधीय, धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। ये जमीन का कटाव रोकने, वातावरण को स्वच्छ बनाने तथा अन्य वनस्पतियों और जीवों के संरक्षण में भी सहायक हैं।

## महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल ने किया एसपी का सम्मान



**रतलाम।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन ने कहा कि पुलिस अधीक्षक अमित कुमार एवं टीम द्वारा एआई और डिजिटल टूल का सदुपयोग कर कई अपराधिक प्रकरणों में शीघ्रता से अपराधियों तक पहुंच कर कार्यवाही करने और पकड़ने पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया है। एसपी अमित कुमार से रतलाम शहर की ट्रैफिक की समस्याओं एवं पार्किंग को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई और संस्था अध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन, बीके महेश्वरी, प्रशांत छाजेड़, संजय जैन, विशाल वर्मा द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए जिस पर विशेष रूप से उपस्थित सीएसपी विवेक कुमार एवं ट्रैफिक डीएसपी आनंद सोनी ने शीघ्रता से लागू करने एवं ट्रैफिक तथा पार्किंग संबंधित समस्याओं के निवारण का आश्वासन दिया। संस्था सचिव महेंद्र छाजेड़ ने आभार माना।

## अज्ञात पदार्थ खाने से युवक की मौत

**रतलाम।** धार जिले के बदनावर थाना क्षेत्र के ग्राम बोरदा निवासी 40 वर्षीय बालाराम पिता धुलजी मुनिया की अज्ञात पदार्थ का सेवन करने से मौत हो गई। शुक्रवार सुबह उसे उपचार के लिए रतलाम मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मेडिकल कॉलेज पुलिस चौकी की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक ने किसी अज्ञात पदार्थ का सेवन किया था, हालांकि इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही हो सकेगी।

## जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने का किया आह्वान

**रतलाम।** जन जागरण सहकारी सप्ताह के पांचवें दिवस पैक्स निपानियालीला परिसर में जिला सहकारी संघ एवं गणेश बीज उत्पादक सहकारी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में जैविक एवं प्राकृतिक खेती विषय पर सहकारी संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में गणेश बीज उत्पादक सहकारी संस्था के अध्यक्ष बनेसिंह चंद्रावत ने कहा कि जैविक एवं प्राकृतिक खेती से उत्पादन लागत कम होती है और कृषि उत्पादों की गुणवत्ता एवं स्वाद बेहतर रहता है। उन्होंने बताया कि शुरुआत में कुछ चुनौतियां आईं, लेकिन बाद में लागत कम होने और उत्पादन बढ़ने से लाभ में वृद्धि हुई। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आग्रह किया। एडवोकेट नगेंद्र सिंह डोडिया ने कहा कि शहर में नौकरी और व्यवसाय करने के बाद उन्होंने गांव लौटकर जैविक खेती को अपनाया। उन्होंने इसे युवाओं के लिए रोजगार का बेहतर माध्यम बताया। आत्मा परियोजना के विकासखंड तकनीकी प्रबंधक प्रदीप पाटीदार ने किसानों को प्राकृतिक, जैविक एवं रासायनिक खेती के वैज्ञानिक पहलुओं की जानकारी देते हुए प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने का आह्वान किया। संगोष्ठी को सहकारी प्रशिक्षण केंद्र इंदौर के पूर्व प्राचार्य निरंजन कुमार कसारा तथा जिला सहकारी संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिरुद्ध शर्मा ने भी संबोधित किया और सहकारिता के महत्व एवं उसकी कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन जिला सहकारी संघ के जनसंपर्क अधिकारी पिंकेश भट्ट ने किया तथा आभार बीपेक्स सोसायटी के प्रबंधक रमेश चंद्र प्रजापत ने व्यक्त किया। संगोष्ठी में सहकारी समितियों के सदस्य एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर संस्था परिसर में पौधारोपण भी किया गया।

**एक नजर में** ▸ **वैदिक संस्कृति के संरक्षण और सिंहस्थ की तैयारियों पर बनी रणनीति**

## सिंहस्थ-2028 से पहले संतों का मंथन, सनातन जागरण का शंखनाद

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** महामंडलेश्वर पूज्य श्रीश्री 1008 आनंद गिरि जी महाराज के सान्निध्य में शनिवार को वैदिक सनातन संस्कृति के संरक्षण, सामाजिक जागरण और सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर संतों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में उज्जैन सिंहस्थ के लिए संतों के आवागमन, आवास, सामूहिक पंडाल, श्रद्धालुओं की सुविधाओं तथा समन्वित व्यवस्थाओं की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में विशेष रूप से श्रृंगेरी मठ के परम पूज्य दंडी स्वामी आत्मानंद जी सरस्वती, पूज्य योगी योगेश नाथ जी महाराज (जेठाना), पूज्य गुरुदेव शिवानन्द जी सरस्वती (सुजापुर), वैदिक जाग्रति पीठ के महर्षि संजय चैतन्य ब्रह्मचारी , आचार्य जितेन्द्र नागर सहित अनेक संतजन एवं धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर श्रीश्री 1008 आनंद गिरि जी महाराज ने कहा कि रतलाम, मंदसौर, नीमच सहित समस्त क्षेत्र में वैदिक सनातन संस्कृति के उत्थान, संरक्षण एवं जनजागरण के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा। जब तक समाजजन की दहलीज तक सन्देश नहीं जायेगा तब तक परिवर्तन नही आयेगा ।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में धार्मिक आयोजनों में वैदिक परंपराओं का ह्रास तथा धर्म के क्षेत्र में बढ़ते राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण धार्मिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। समाज को वैदिक परंपराओं के प्रति जागरूक कर धर्म को उसके मूल स्वरूप में स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा। परम पूज्य शिवानन्दजी सरस्वती, योगी योगेश नाथजी महाराज ने अपनी बात रखी। बैठक ऋषि सन्त सहित पूर्व सरपंच सुभाष पांचाल सजापुर , लोकेंद्र सिंह अयाना , लखन टांक , भागीरथ पादिदार आदि उपस्थित रहे ।



▸ **धार्मिक उत्सवों एवं आयोजनों में वैदिक मर्यादाओं का पालन सुनिश्चित हो**

महामंडलेश्वर श्रीश्री 1008 आनंद गिरिजी महाराज उन्होंने कहा कि आगामी धार्मिक उत्सवों एवं आयोजनों में वैदिक मर्यादाओं का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। स्थापित मंदिरों की उपेक्षा कर सार्वजनिक स्थलों एवं चौराहों पर होने वाले अव्यवस्थित धार्मिक आयोजनों के प्रति समाज को जागरूक किया जाएगा तथा वैदिक विधि-विधान के अनुरूप यज्ञ, हवन एवं धार्मिक अनुष्ठानों को प्रोत्साहित किया जाएगा।